संक्षिप्त समाचार

सड़क में गड्ढो पर लोकनिर्माण विभाग ने किया पैच वर्क, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

काफी समय से सड़क में हुए गहरे गड्ढों के कारण आ रही थी परेशानी

कैथल (कृष्ण प्रजापति) : गांव टीक में नहरी की पटरी के साथ-साथ सड़क पर काफी गड्ढे हुए थे जिनमें न केवल दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं, बड़े वाहनों को भी दिक्कत आ रही थी। वहीं ये गड्ढे सुबह-शाम के समय सैर करने वाले ग्रामीणों के लिए भी परेशानी का सबब बन रहे थे। यह मामला लोकनिर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के संज्ञान में डाला गया तो जेई विजय वधावन ने इस पर तुरंत एक्शन लेते हुए कर्मचारियों को भेजकर सड़क के गड्ढे भरने का काम किया है, जिससे ग्रामीणों को समस्या से राहत मिली है। काफी समय से सड़क में हुए गड्ढे लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए थे और सड़क पर अंधेरा होने के कारण वाहन चालक चोटिल हो रहे थे। जेई विजय वधावन ने कहा कि भविष्य में भी यदि किसी भी सड़क पर गड्ढे हैं तो इसकी सूचना ग्रामीण उन्हें दे ताकि कर्मचारियों को भेजकर उन्हें भरा जा सके और पैच वर्क करवाया जा सके।

खेड़ाह मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने मनाई स्व. गिरीराज महाराज की पुण्यातिथि

लाडवा, (नरेश गर्ग) : शहर के खेड़ा मंदिर परिसर पर खेड़ा मंदिर के स्वामी स्वर्गीय गिरिराज महाराज की पुण्यतिथि मंदिर कमेटी व श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से बनाई गई। जिसको लेकर एक हवन यज्ञ व प्रसाद वितरित किया गया। खेड़ा मंदिर कमेटी के प्रधान संदीप कुमार ने कहा कि हर वर्ष श्री श्री स्वामी गिरिराज महाराज जी की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई जाती है। जिसको लेकर सुबह खेड़ा मंदिर परिसर पर एक हवन यज्ञ का आयोजन किया जाता है और उसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि स्वामी श्री गिरिराज जी आज भी लाडवा ही नहीं आसपास के क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं के दिलों में अपनी जगह रखते हैं और आज भी भारी संख्या में रविवार व उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धालु उनकी पूजा अर्चना करने के लिए उनकी समाधि पर पहुंचते हैं। इस अवसर पर राजीव कुमार, डा. गणेश दत्त, जोगध्यान, राज सिंगला, मनफूल, राजकिशन, विनोद सहित अनेक सेवादार उपस्थित थे।

बैकवर्ड के नाम पर हमेशा से बहकाती आई है भारतीय जनता पार्टी : बलबीर नौच

मांग, बीसी-ए को लोकसभा की दी जाए कम से कम दो सीटें

कैथल (कृष्ण प्रजापति) : भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन (रजि.) के कैथल जिला अध्यक्ष बलबीर नौच ने कहा कि ओबीसी बैकलॉग के नाम पर हमेशा ही भारतीय जनता पार्टी ने बहकाने का काम किया है। बीसी-ए को आज भी उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है जबकि बीसी ए वर्ग में 72 से अधिक जातियां शामिल है परंतु सरकार हर बार बीसी-बी को लाभ देकर राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि बीसीबी में केवल पांच जातियां हैं जबकि सबसे अधिक जातियां बीसी-ए में आती हैं और बीसी-ए को उसके जातिगत आधार पर आज तक राजनीतिक लाभ और नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाया है। बलबीर नौच ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बीसी-बी और जनरल कैटेगरी को लाभ देकर ओबीसी वर्ग के लोगो को बहकाने का काम करती है जबकि वोट और जनसंख्या के हिसाब से लोकसभा में कम से कम दो सीटें और लगभग 25 से अधिक सीटें विधानसभा में बनती हैं इसलिए सभी राजनीतिक दलों से मांग है कि अबकी बार लोकसभा में 2 सीट और विधानसभा चुनाव में बीसी-ए को उनका अधिकार दिया जाए।

इनेलो उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला लोकसभा के सबसे मजबूत उम्मीदवार : प्रदीप सिंहमार

कहा, भाजपा को ढूंढने से भी नहीं मिल रहा कोई उम्मीदवार

कैथल (कृष्ण प्रजापति) : युवा इनेलो नेता एवं आईटी सैल के कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रभारी प्रदीप सिंहमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से इनेलो प्रधान महासचिव चौ अभय सिंह चौटाला फिर से चुनावी जंग के मैदान में उतरे हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में लग गए हैं और सभी ने इस सीट को हॉट सीट मानते हुए यहां पर अबकी बार इनेलो उम्मीदवार को जिताने के लिए जी जान लगा देंगे। आईटी सैल के कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रभारी व युवा इनेलो नेता प्रदीप सिंहमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा में अभय सिंह चौटाला का दूसरा मौका होगा। इससे पहले वर्ष 2004 में भी वे मैदान में आए थे और उस दौरान भी कड़ा मुकाबला हुआ था। वहीं 2019 में चौ अभय चौटाला के बेटे अर्जुन चौटाला ने भी यहीं से लोकसभा का चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा कि यह सीट लोकदल की सीट रही है। भाजपा पर निशाना साधते हुए युवा इनेलो नेता व आईटी सैल के कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रभारी प्रदीप सिंहमार ने कहा कि भाजपा को कुरुक्षेत्र सहित प्रदेश की कई सीटों पर उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं इसलिए ही उन्हें उम्मीदवार ढूंढने में काफी माथापच्ची करनी पड़ रही है।

कांगथली में कबड्डी प्रतियोगिता दौरान खिलाड़ियों व ग्रामीणों को नशा ना करने बारे किया जागरूक

कैथल, 18 मार्च (कृष्ण प्रजापति) : समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम के तहत पुलिस टीम द्वारा युवाओं को नशे के दुष्परिणामों को लेकर लगातार जागरूक किया जा रहा है। हैड कांस्टेबल सुनील कुमार संपू की टीम द्वारा गांव कांगथली में कबड्डी प्रतियोगिता दौरान खिलाड़ियों व ग्रामीणों को तथा आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। एचसी सुनील कुमार द्वारा बताया गया की खेल व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है। कोई भी खेल हमें शारीरिक, मानसिक रूप से मजबूत बनाता है तथा नशा जैसी बुराई से हमें बचाता है। अगर आज युवा वर्ग का सबसे बडा शत्रु है तो वह नशा है। जिस प्रकार हम हर क्षेत्र में अपने शत्रु को मात देना चाहते है उसी प्रकार हमें इस नशे रुप जहरीली सांप को कुचल कर अपने करियर को बुलंदियों पर लाना होगा नहीं तो नशा हमारी आने वाली पीढ़ियों का भी नाश कर देगा। प्रत्येक गांव को चाहिए कि समय समय पर गांवों में खेलों की प्रतियोगिताएं करवाए ताकि बच्चे युवा वर्ग का ध्यान खेलों की तरफ हो। युवा वर्ग से अपील की कि समाज व खुद के विकास के लिए नशे की जड़ को काटना पड़ेगा तभी जाकर हमारा समाज साफ सुथरा व स्वस्थ होगा। आमजन युवा वर्ग इस नशा रुपी जहरीली सांप को मिटाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दे।

दवा कंपनियां एंटीमैक्रोबिलय रेजिस्टेंस के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए खोजें वैक्सीन : बंडारु दत्तात्रेय

राज्यपाल बोले, रोगाणुरोधी प्रतिरोध/एएमआर वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रमुख दवा कंपनियों से आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें एंटीमैक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए विशेष रूप से एंटीबायोटिक दवाओं के नए वर्गों और वैक्सीन विकास के वैकल्पिक तरीकों से नई दवाओं की खोज करनी होगी क्योंकि रोगाणुरोधी प्रतिरोध/ एएमआर वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती है तथा वर्तमान एंटीबायोटिक्स अब बेअसर हो रही हैं।

राज्यपाल नई दिल्ली के इंडिया हैबीटेट सेंटर में ''एंटीमैक्रोबियल रेजिस्टेंस, नोवल ड्रग डिस्कवरी एंड वैक्सीन डेवलपमेंट चैलेंजेज एंड ओपरचूनिटिस विषय पर एसआरएम विश्वविद्यालय, दिल्ली-एनसीआर, सोनीपत द्वारा आयोजित तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित वैज्ञानिकों व साइंस जगत के लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज यहां पर अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर अपने

शोध कार्य प्रस्तुत करने के लिए दुनिया भर के कई प्रतिष्ठित वैज्ञानिक उपस्थित हैं और अन्य वैज्ञानिकों के यहां पहुंचने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एएमआर को वैश्विक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण खतरों में से एक के रूप में चिन्हित किया गया है। राज्यपाल ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि अनुमान है कि वर्ष 2050 तक दुनिया भर में लगभग दस मिलियन मौतें एएमआर के कारण हो सकती हैं। दत्तात्रेय ने कहा कि एक नई दवा को बाज़ार में लाने पर लगभग एक अरब डॉलर का ख़र्च आता है और नए रोगाणुरोधी एजेंटों को विकसित करने के लिए नए यौगिकों की खोज, जीनोमिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत तकनीकों और अंतःविषय सहयोग को बढ़ावा देने जैसे नवीन दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि एएमआर ने प्रतिरोधी रोगजनकों से निपटने के लिए नवीन दवा खोज और वैक्सीन विकास की तत्काल आवश्यकता को प्रेरित किया है।

उन्होंने बताया कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध से निपटने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इसके लिए एंटीबायोटिक उपयोग को अनुकूलित करते हुए रोगाणुरोधी प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने, प्रतिरोधी रोगजनकों के प्रसार को कम करने के लिए संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण उपायों को लागू करने तथा विश्व स्तर पर रोगाणुरोधी प्रतिरोध रुझानों को ट्रैक करने के लिए निगरानी प्रणालियों में निवेश करना आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत के अनुसंधान और विकास प्रयासों को महत्वपूर्ण बढ़ावा दिया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल में स्वदेशी नवाचार और आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर रहा है।

इज़राइल के वीज़मैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस से नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर एडा योनाथ ने अपने विचार सांझा करते हुए राइबोसोम पर शोध कार्य के लिए प्रसिद्ध भारतीय मूल के वैज्ञानिक डॉ. वेंकी रामकृष्णन के साथ किए गए कार्यों की जानकारी भी सांझा की।

जजपा का लोकसभा चुनाव लड़ने का मंथन अंतिम चरण में

चंडीगढ़ : लोकसभा चुनाव को लेकर सभी 10 सीटों पर जननायक जनता पार्टी का मंथन अंतिम चरण में है। अब तक जेजेपी ने सात लोकसभाओं पर चुनाव लड़ने बारे रणनीति बनाई है और बुधवार तक सभी लोकसभा क्षेत्रों पर पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर ली जाएगी। इसी कड़ी में सोमवार को जेजेपी ने दिल्ली में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा की और चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने भिवानी-महेंद्रगढ़ के जेजेपी पदाधिकारियों के सुझाव लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंगलवार को वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला सिरसा जिले में सिरसा और हिसार लोकसभा के पदाधिकारियों की राय जानेंगे। वहीं बुधवार को चंडीगढ़ में करनाल लोकसभा के पदाधिकारियों के साथ दुष्यंत चौटाला बैठक करेंगे। इससे पहले जेजेपी कुरुक्षेत्र, अंबाला, गुरुग्राम, सोनीपत, फरीदाबाद और रोहतक लोकसभा की बैठकें कर चुकी है।

महिलाओं ने खेली फूलों की होली

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

लाडवा : शहर के अठवाड़ियों वाले मंदिर परिसर में श्री अग्रवाल सभा महिला विंग की ओर से होली मिलन समारोह किया गया। जिसमें शहर की श्री राधा कृष्ण संकीर्तन मंडल द्वारा राधा कृष्ण का एक संकीर्तन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

श्री अग्रवाल सभा महिला विंग की प्रधान उषा गोयल ने कहा कि होली पर्व नजदीक है जिसको लेकर महिला विंग की ओर से मंदिर परिसर में एक भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें श्री राधा कृष्ण सेवा मंडल के सदस्यों द्वारा सुंदर-सुंदर भजन सुनाए गए। वहीं राधा कृष्ण, सुदामा व अन्य देवी देवताओं की झांकियां भी निकल गई। वही होली पर्व को लेकर महिलाओं द्वारा फूलों की होली भी खेली गई और सभी भक्त इस कीर्तन में भजनों पर झूमे। होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत के उपलक्ष पर मनाया जाता है। इस अवसर पर अग्रवाल सभा की प्रधान उषा गोयल, मोनिका, कृष्णा गोयल, मंजू, पूनम सिंगल, निर्मल सहित अनेक महिलाओं ने होली मिलन समारोह में भाग लिया।

सरकार की ओर से प्रदेश में कोई भी आचार संहिता लागू करने के नहीं जारी किए आदेश : अभय चौटाला

चंडीगढ़ : इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने सत्ताधारी दल पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश के मुख्यमंत्री को बदला गया है तब से प्रदेश में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अभी भी मंत्री सरकारी गाडियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। मौजूदा चीफ सैकरेटरी को छुट्टी पर भेज दिया गया और उनकी जगह नया मुख्य सचिव बना दिया गया। नए चीफ सैकरेटरी को यह समझ में नहीं आ रहा कि करना क्या है? नए मंत्रियों को शपथ दिलाने के लिए राजभवन बुला लिया गया लेकिन उनकी ओथ नहीं करवाई गई। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि अभी तक हरियाणा सरकार की तरफ से प्रदेश में कोई भी आचार संहिता लागू करने के आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

अब फिर से 27 मार्च को इकट्ठा होंगे हल्के के हजारों किसान

मंडियों में बारदाना पहुंचाना सुनिश्चित करे प्रशासन वरना होगा आंदोलन : विकास तंवर

कृष्ण प्रजापति

कैथल: पुंडरी हल्के के युवा नेता विकास तंवर ने बताया कि प्रशासन ने कमेटी से सोमवार तक का समय मांगा था इसलिए आज कमेटी सदस्यों ने डीसी कैथल से उनके लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में मिले परंतु डीसी की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मीटिंग के बाद बातचीत में विकास तंवर ने कहा कि प्रशासन की किसानों के मसले हल करने की और उनकी जायज मांगो की पूर्ति करने की कोई मंशा नजर नहीं आ रही जिसके बाद अब गठित कमेटी ने निर्णय लिया है कि यदि 26 मार्च तक प्रशासन समस्याओं को लेकर गम्भीरता से कार्य करता है तो ठीक वरना 27 मार्च को एक बार फिर हलके के हजारों किसान ढांड मंडी में ट्रैक्टर लेकर पहुंचेंगे और अपना रोष प्रदर्शन करेंगे, अपने हकों के लिए लड़ेंगे, अब वे पीछे नहीं हटेंगे।

गौरतलब है कि गत 13 मार्च को ढांड मंडी में विकास तंवर के नेतृत्व में हुई महापंचायत के दौरान निर्णय लिया था जिसमें कमेटी गठित की गई थी और उस कमेटी ने जिला उपायुक्त से बातचीत की थी जिसमें जिला उपायुक्त ने पानी, शौचालय, शैड, पार्किंग, किसानों के बैठने आदि की व्यवस्था अदानी में करने की बात तो

⊙ मंडी खुलवाने की मांग को लेकर डीसी से दोबारा मिले विकास तंवर व कमेटी सदस्य, नहीं मिला ठोस आश्वासन

कही थी परंतु मंडियों में बारदाना पहुंचाने की बात उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर होने के कारण उन्होंने उच्च अधिकारियों से बातचीत करके सोमवार तक इस मामले को सुलझाने की बात कही थी। विकास तंवर ने कहा कि प्रशासन नहीं चाहता कि किसान लाइनों की बजाए मंडियों में अपनी फसल बेचे। उन्होंने कहा कि पुंडरी हल्के में ही सरकार ने ये गलत कानून लागू किया हुआ है कि किसान लंबी लंबी लाइनों में लगकर अपना अनाज बेचें और प्रदेश के अन्य क्षेत्र में ऐसी कोई पॉलिसी नहीं है। विकास तंवर ने कहा कि यदि 26 मार्च तक मंडियों में बारदाना पहुंचाने की जिला प्रशासन ने पहल नहीं की तो 27 को वे दलबल सहित हलके के सभी किसानों के साथ अपने हकों के लिए लड़ाई लड़ेंगे और अब वे पीछे नहीं हटेंगे।

विकास तंवर ने कहा कि मंडियों में व्यवस्था देना प्रशासन का काम होता है और प्रशासन इसके लिए कार्य करे। उन्होंने कहा कि किसान केवल अपना हक मांग रहे हैं और जो व्यवस्था पूरे हरियाणा में नहीं है, वह केवल पुंडरी और ढांड के किसानों पर थोंपना गलत है, इसका वे पुरजोर विरोध करते हैं। युवा नेता विकास तंवर ने कहा कि वे किसानों को लंबी-लंबी लाइनों में लगने के लिए बाध्य नहीं होने देंगे, चाहे इसके लिए उन्हें कितना बड़ा संघर्ष क्यों न करना पड़े। इस मौके पर उनके साथ रकम सिंह टीक, जसबीर तंवर क्योड़क, सुखविंद्र गोरसी खेड़ी रायवाली, रामप्रताप कसाना ढांड, पाला राम टीक, मेवा राम, राजपाल बरोट सहित अनेक गांवो के ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श के बाद पार्टी लेगी निर्णय : शेरवाल

जजपा कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए हर तरह से तैयार : जसबीर पंजेटा

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

लाडवा : जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे सभी राजनीतिक पार्टियों की हलचल व अपने-अपने उम्मीदवारों की सूची भी सूची की घोषणा भी शुरू कर दी गई है। उसी कड़ी में हरियाणा की जननायक जनता पार्टी के पदाधिकारी ने भी विधानसभा में विधानसभा क्षेत्र में जाकर अपने कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श शुरू कर दिया है।

लाडवा जजपा हलका प्रधान जसबीर पंजेटा के कार्यालय पर लोकसभा चुनाव हेतु बनाई गई पी ए सी कमेटी मेंबर डॉ. कुसुम शेरवाल ने कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने का काम किया। उन्होंने लाडवा हलके के जजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे ही पार्टी की तरफ से आदेश होगा, उसके अनुसार पार्टी के कार्यकर्ता कार्य करेंगे। जो भी हर विधानसभा से सुझाव मिलेंगे, उनको हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ साझा करेंगे और उसके बाद जैसे ही कार्यकर्ता की जो भी ड्यूटी लगाई जाएगी जजपा के सिपाही उसके अनुसार काम करेंगे।

वहीं जजपा लाडवा हल्का प्रधान जसबीर पंजेटा ने उनका उनके कार्यालय पर पहुंचने पर स्वागत किया और कहा कि जजपा का एक-एक कार्यकर्ता निष्ठावान व हर परिस्थिति से निपटने के लिए लोकसभा में तैयार खड़ा है। उन्होंने कहा केवल पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के इशारे व आदेश की आवश्यकता है जैसे जो भी जिम्मेदारी छोटे से लेकर बड़े कार्यकर्ताओं तक की लगाएंगे, उस पर वे खरा उतरने का काम करेंगे। मौके पर उनके साथ जिला प्रधान कुलदीप जखवाल, पूर्व चेयरमैन कुलदपी मुलतानी, जोगध्यान, मोहन लाल, रोहित मेहरा, विक्रम मुरादनगर, मनीष सांगवान, निर्मल बिन्ट, लाड्डा बाबैन, साहिल अढान, राकेश, मनोज शर्मा सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कॉपी जांचने के बाद बहाने छात्रा से की छेड़छाड़

चंडीगढ़ : हरियाणा के पानीपत के बापौली थाना पुलिस के अंतर्गत एक राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय में एक अध्यापक पर नौवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आरोपी अध्यापक ने छात्रा को अपने कमरे में कॉपी जांचने के लिए बुलाया और फिर छेड़छाड़ की। छात्रा ने घर जाकर अपनी बड़ी बहन को आपबीती बताई।

लाडवा के डिस्कवरी स्कूल को मिला इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड्स

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

लाडवा : लाडवा के डिस्कवरी स्कूल को इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड मिला। वहीं इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड्स एक विशिष्ट कार्यक्रम बन गया है जो दुनिया भर में शिक्षा के प्रति उत्साही लोगों का ध्यान आकर्षित करता है। इस वर्ष, आयोजकों को इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड्स की उल्लेखनीय सफलता का प्रदर्शन करने पर गर्व है क्योंकि इसका विकास और प्रगति जारी है।

डिस्कवरी स्कूल के संचालक रोहित गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड्स के 9वें संस्करण में शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध हस्ती, आदरणीय सुरेश प्रभु, सम्मानित अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। सम्मानित मुख्यातिथि के रूप में उनके साथ अभिजीत सावंत शामिल हुए, जो एक कुशल व्यक्तित्व हैं जो शैक्षिक उन्नति के प्रति अपने समर्पण के लिए जाने जाते हैं। इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड्स को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें दुनिया भर के प्रतिभाशाली व्यक्तियों और संस्थानों से करीब 9,000 आवेदन आए हैं।

भागीदारी की उल्लेखनीय विविधता इस प्रतिष्ठित सम्मेलन की वैश्विक पहुंच और अपील को दर्शाती है। दुनिया भर से इतनी अधिक भागीदारी के बाद अवॉर्ड के लिए चुने जाना ही अपने आप मे बड़ा सम्मान है। वही डिस्कवरी वर्ल्ड स्कूल के निदेशक अमित दुआ और अध्यक्ष राकेश गर्ग ने हमें बताया कि दी डिस्कवरी वर्ल्ड स्कूल लाडवा भारत को स्कूली छात्रों के लिए सबसे नवीन शिक्षण और ए आई उत्कृष्टता के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्कूल पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा कि ये अवॉर्ड अपने स्कूल के अध्यापकों, बच्चों ओर अभिभावकों को समर्पित करते हैं।

शहर के रोटरी ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

त्योहार मनाने से होता है आपसी सम्बन्धों व समन्वय का विकास : अंकुर गुप्ता

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

लाडवा : शहर की अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ने होली मिलन समारोह किया। क्लब के सचिव इशांत गोयल ने बताया क्लब द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक निजी होटल में होली मिलन समारोह किया गया, जिसमें रोटरी के सदस्यों ने परिवार सहित हिस्सा लिया। समारोह क्लब के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इशांत गोयल ने बताया कि सभी सदस्यों ने परिवार सहित अनेक मनोरंजक खेलों का आनंद लिया व राधा कृष्ण संग फूलों की होली खेल कर माहौल को कृष्णमय बना दिया। आज बृज में होली रे रसिया और होली खेले खुवीरा जैसे गीतों पर सदस्यों ने परिवार सहित नृत्य कर कार्यक्रम का खूब आनंद लिया। क्लब के प्रधान अंकुर गुप्ता ने होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि इस तरह त्योहारों के अवसर पर परिवारों सहित आयोजन से आपसी प्रेम, सौहार्द व समन्वय की भावना का विकास होता है और समाज सेवा के कार्य करने के लिए और अधिक प्रेरणा मिलती है। उन्होनें क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि होली के त्योहार को बहुत प्रेम के साथ मनाएं व युवाओं को विशेष तौर पर किसी भी प्रकार के आडम्बर से बचते हुए इस त्योहार को अनुशासन व प्यार के साथ मनाने का परामर्श दिया।

क्लब के पदाधिकारियों द्वारा अनेक प्रकार के उपहार भी भेंट किये गए। इस अवसर पर सहायक प्रशिक्षक विकास सिंघल, दुर्गेश गोयल, अमित सिंघल, राकेश खुराना, सुनील गर्ग, संजीव जिंदल, नरेश गर्ग, नरेन्द्र सिंघल, पवनीष गोयल, अनुभव गर्ग, हरनेक सिंह, अमित कंसल, रविकांत गिरधर, दीपक बंसल, राजेश वर्मा, अंकित बन, अमन चोपड़ा, सुमीत गर्ग, शुभम गोयल, ऋषभ सिंघल, डॉ विवेक ललित, चारु मोंगिया, डॉ शाइना मित्तल, स्वाति गुप्ता, सीमा सिंघल, करुणा गुप्ता, रीमा गर्ग, शिवानी वर्मा, नीरू गोयल, उर्वशी गर्ग, हेमंत सैनी, पंकज कंबोज, अंजली गोयल व शिवानी सिंघल सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।